classmate
Date ___
Page 1

B.A. Part - I, Paper-I
Lecture - 30
Dr Sunita Kumari, Assistant Professor
Marwari College, Darbhanga.

TOPIC सामाजिक परिवर्तन और इसके कारक

— x — x —

सामाजिक परिवर्तन उस व्यवस्था में परिवर्तन को कहते हैं जिसके अन्तर्गत मानवीय सामाजिक अन्तःक्रियायें तथा अन्तः सम्बन्ध संगठित, नियंत्रित और स्थिर रहते हैं।

K. Davis ने परिभाषित करते हुए कहा है - "सामाजिक परिवर्तन में हम केवल उन्हीं परिवर्तनों को समझते हैं, जो सामाजिक संगठन अर्थात समाज के ढाँचे और प्रयासों में घटित होते हैं।"

Jones ने लिखा है "सामाजिक परिवर्तन वह शब्द है जो सामाजिक प्रक्रियाओं, सामाजिक प्रतिमानों, सामाजिक अन्तः क्रियाओं अथवा सामाजिक संगठन के किसी पक्ष में अन्तर या रूपान्तरण को वर्णित करने हेतु प्रयोग में लाया जाता है।"

Scanned by CamScanner

Page 2

## Factors of Social Change —

प्रत्येक घटना का कोई न कोई कारण जरूर होता है यही बात सामाजिक परिवर्तन के साथ भी लागू होती है सामाजिक परिवर्तन कार्य कारण के अधीन है निम्नलिखित पांच कारण मुख्य रूप से हैं —

1. प्राकृतिक कारक (Natural factor) — सामाजिक परिवर्तन में प्राकृतिक कारक का सर्वप्रमुख स्थान है वर्तमान मानव सभ्य है तथा ज्ञान विज्ञान का अधिकारी भी है परन्तु वह आज भी पूर्णतः प्रकृति पर विजय प्राप्त नहीं कर पाया है इसीलिए कभी - कभी प्रकृति अपने तरीके से सामाजिक परिवर्तन का कारक बन जाती है यह कारक विशेष रूप से उस समय क्रियाशील होता है जब प्रकृति उग्र रूप में प्रकट होती है यह रौद्र रूप विध्वंसकारी होता है उदाहरण के लिए भूकम्प, बाढ़, अकाल, महामारी आदि गुजरात (मोरवी) में

13 अगस्त 1979 में मोरबी में डाम फटने से आई बाढ़ में लगभग 15 हजार लोग मारे गए। इसके अतिरिक्त धन-सम्पत्ति, मकान आदि का भारी क्षय हुआ। इसी तरह आज के समय में पानी की 2020 में कोरोना नामक महामारी ने पूरे विश्व में संक्रमित कर दिया है। जिसमें (कुछ देशों को छोड़ कर) संक्रमण फैला रखा है जिसमें कई लाख लोग संक्रमित हो गए हैं तथा जिसके कारण बहुत सारे लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। यह एक ऐसी बीमारी है जिसकी दवा या टीका अभी तक नहीं बन पाया है। इस महामारी के कारण हमारे समाज में बहुत परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं।

2. जनसंख्यात्मक कारक (Demographic factors) - वास्तव में विभिन्न समूहों सामाजिक संस्थाओं और सम्पूर्ण समाज की संरचना को उस समाज की जनसंख्या का आधार बहुत प्रभावित करता है